आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- देशभर के 40 स्थानों पर कल होगा रोजगार मेले का आयोजन–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे संबोधित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने होम स्टे इकाईयों के पंजीकरण के लिए ऑनलाईन पोर्टल दस दिन के भीतर तैयार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश की जनता व सभी हितधारकों को गुमराह कर रही है राज्य सरकार।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–भारत मानवीय मूल्यों पर वैश्विक एकजुटता का पक्षधर।

रोजगार मेला

रोज़गार मेले का 17वाँ चरण कल आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश भर में 40 स्थानों पर 51 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों में नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे। इधर राजधानी शिमला में ये कार्यक्रम बैम्लोई स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर केन्द्रीय उपभोक्ता मामले और सामाजिक न्याय व आधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। देशभर में रोजगार मेलों के माध्यम से अबतक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को दस दिनों के भीतर होम स्टे इकाइयों के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी विभागों के लिए यूजर फ्रैंडली ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के लिए सक्षम सॉफ्टवेयर कंपनियों की सेवाएं लेने के के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने में तेज़ी लाने और इस प्रक्रिया को अधिक सरल बनाने पर भी बल दिया।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश पर्यटन विकास निगम की घाटे में चल रही इकाइयों के संचालन और रख–रखाव की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश भी दिए ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सके। इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आम लोगों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग के सभी विश्राम गृहों की बुकिंग को ऑनलाईन किया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन बुकिंग से न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है बल्कि राजस्व में भी बढ़ौतरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में सभी छोटे व बड़े कार्यालय डिजिटल हों ताकि लोगों को घरद्वार पर ही सभी सुविधाएं मिल सकें।

जी.एस.टी. उत्सव

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था। आज हम बता रहे है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को कैसे मदद मिल रही है। एक रिपोर्ट............1.18...सैकेंड़.............

सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कर की दरों को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इस कदम से मरीजों के इलाज की लागत कम हुई है और मध्यम तथा निम्न वर्गीय परिवारों को लाभ हो रहा है। इसी तरह गॉस, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर तथा थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरणों पर भी कर की दरें 12ः से घटकर 5ः हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर दिया है जो पहले 18ः जीएसटी दर का हिस्सा थे। स्वास्थ्य सेवा में इस सुधार से प्रीमियम की कीमत कम हुई है और देश भर में बीमा कवरेज को बढ़ावा मिला है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में एक उपभोक्ता कमल गुरुंग ने कहा कि जीएसटी सुधारों के बाद दवाइयां सस्ती हो गई हैं और लोगों का कुल चिकित्सा खर्च कम हुआ है। हमें फायदा तो बहुत मिला हुआ है क्योंकि दूसरी जगह से इस दवाई में जो है काफी पैसे कम खर्च करने पड़ते हैं, सस्ता मिलता है और उससे हमें काफी जेब खर्च हमारी जेब हल्की हो जाती है, जबकि अच्छा–खासा हमें फायदा है, क्योंकि दूसरी दवाई के बदले में जो है सही भी है सस्ता भी है। नए जीएसटी के तहत लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं की लागत कम हुई है और देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत हो रही है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ये बात आज उन्होंने शिमला जिला के कोटखाई उपमंडल के देवरी खनेटी में पंचायत घर का लोकार्पण करने के बाद कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में दस प्राथमिक स्वास्थय केंद्रों के भवनों का निर्माण किया जा रहा है और जुब्बल विद्युत मंडल के तहत 55 करोड़ रूपए की लागत से विद्युत व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में सड़क निर्माण पर चार सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है ताकि हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा सके।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार लोगों और सभी हितधारकों को गुमराह कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद भी अब तक आरक्षण रोस्टर जारी नहीं किया गया है, जबकि आरक्षण रोस्टर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के तीन महीन पहले जारी करना अनिवार्य है। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब आरक्षण रोस्टर ही समय पर जारी नहीं होगा तब चुनाव समय पर कैसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्पष्ट करे कि अगर चुनाव करवाने हैं तो समय पर करवाएं नहीं तो प्रदेश के लोगों के सामने अपनी नाकामी स्वीकार करें। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार चुनाव की प्रकिया शुरू करने के बजाय चुनाव रोकने में व्यस्त है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित चंबा–चुवाड़ी टनल निर्माण के लिए फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और इसे केंद्रीय संस्था या आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से वित्त पोषित करवाने की योजना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है और ककरौटी घटटा में विद्युत उप केंद्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनोटा के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों के दौरान शुरू की गई सड़क परियोजनाओं में से अधिकांश का कार्य पूरा कर लिया गया है।

अनुराग सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भारत मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के मूल मानवीय सिद्धातों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अंतर–संसदीय संघ की आम सभा में संकट के समय में मानवीय मानदंडों का पालन विषय पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ये विचार व्यक्त किए। अनुराग सिंह ठाकुर ने आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत के मजबूत कानूनी, संस्थागत और वित्तीय ढांचे को रेखांकित किया। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थानों को विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के अधिक समावेशी प्रतिनिधि बनाने के लिए व्यापक सुधारों का आह्वान भी किया। अनुराग ठाकुर ने पुष्टि की कि इस सभा में भारत की भागीदारी उसके सभ्यतागत मूल्यों और वैश्विक एकजुटता के प्रति समकालीन प्रतिबद्धता को व्यक्त करती हैं। जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोणे को मूर्त रूप देती है।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष व संगठन की नियुक्तियां इस महीने के अंत तक या नवम्बर के पहले सप्ताह में हो जाएगी। शिमला मे ंआज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान की मुख्यमंत्री सहित अन्य सभी नेताओं से बातचीत हो चुकी है और जल्द ही संगठन विस्तार पर हाईकमान निर्णय लेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ अन्य स्थानों में आज दोपहर बाद ओलावृष्टि व बारिश हुई, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। उधर लाहौल स्पीति और चंबा जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है।